महत्वपूर्ण एवं खास

जेईई के लिए आठ से ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन, परीक्षा छह अप्रैल को

रायगढ़। जेईई के पहले फेज के एग्जाम के बाद अब दूसरे फेज के एग्जाम की भी प्रक्रिया शुरू हो गई है। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) इस बार अप्रैल में आयोजित होने वाले जेईई मेन 2019 फेज-2 की परीक्षा के लिए 8 फरवरी से ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया की शुरुआत करेगी। इसके लिए उम्मीदवार जेईई मेन की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। जेईई मेन के पहले फेज में 8 लाख से अधिक छात्रों ने परीक्षा दी थी। अब जेईई मेन फेज-1 देने वाले उम्मीदवार भी अप्रैल में होने वाली दूसरे फेज की परीक्षा में बैठ सकते हैं लेकिन इसके लिए उम्मीदवारों को दोबारा से वेबसाईट में रजिस्ट्रेशन कराना होगा। फेज-2 के लिए आवेदन की अंतिम तारीख 7 मार्च है। एडमिट कार्ड 18 मार्च से डाउनलोड किए जा सकेंगे और परीक्षा 6 अप्रैल को आयोजित होगी।

सर्वहारा वर्ग के हेतु एक माह निःशुल्क योग शिविर का आयोजन

योग मंदिर कोतरा रोड में श्रेया अग्रवाल देगी अगले एक माह तक योग प्रशिक्षण

रायगढ़। कुछ बीमारियां वातावरण की वजह से होती है तो कुछ शारीरिक व्याधियां जन्म से ही होती है। खान पान का ध्यान नही रखने से भी शारीरिक व्याधि पैदा होती है द्य इसके अलावा जीवन शैली व विचारों का ध्यान नही रखने से गुस्सा चिड़चिड़ापन डिप्रेशन वीपी शुगर जैसी व्याधियां पैदा होने लगती है। संजय अग्रवाल की सुपुत्री श्रेया अग्रवाल ने इस सबन्ध की जानकारी देते हुए बताया कि कोतरा रोड स्थित न्यू अलंकार के बाजू स्थित मेगा फूड मार्ट प्रथम तल में सर्वहारा वर्ग के लिये कल से निःशुल्क योग प्रशिक्षण शिविर प्रारम्भ होगा जो कि 1 मार्च तक चलेगा। इस निःशुल्क शिविर के आयोजन में बच्चे महिलाएं बुजुर्ग सभी शामिल हो सकते है। शिविर प्रातः 6 बजे से सात बजे तक होगा।

कटंगपाली में आयोजित जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर स्थगित

रायगढ़। जनपद पंचायत बरमकेला के ग्राम-कटंगपाली में 2 फरवरी को आयोजित जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दी गई है।

दाखन यादव की सड़क दुर्घटना में मृत्यु

रायपुर। तहसील खरसिया के ग्राम-बडेदेवगांव निवासी दाखन यादव की 24 फरवरी 2018 को सड़क दुर्घटना में मृत्यु होने पर एसडीएम खरसिया द्वारा तहसीलदार की अनुशंसा पर उनकी पत्नी श्यामबाई को 25 हजार रुपए की वित्तीय सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

तेज रफ्तार बोलरो की चपेट में आकर गंभीर घायल हुआ सायकल सवार

रायगढ़। सारंगढ़ क्षेत्र के ग्राम कटेकोनी के पास एक तेज रफ्तार बोलरो ने सायकल सवार व्यक्ति को ठोकर मार दी। हादसे में सायकल सवार गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे डायल 112 की टीम ने तत्काल ईलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया। घायल का नाम कोमल चंद सतनामी उम्र- 65 साल निवासी- ग्राम कटेकोनी है। हादसे की सूचना मिलते ही डायल 112 में मिलने पर ईआरव्ही कोईर रायनों-1 की टीम को तत्काल घटनास्थल के लिये रवाना किया गया।

देर से पहुंचाया पीडीएस का राशन, ट्रांसपोर्टर हुआ ब्लेक लिस्टेड

रायगढ़। सरकारी राशन दुकानों में देर से पीडीएस का राशन पहुंचाने एवं लगातार शिकायतों के बाद ट्रांसपोर्टर को ब्लेक लिस्टेड कर दिया गया है। बीते महीने ट्रांसपोर्टर की लापरवाही के कारण नागरिक आपूर्ति निगम को आरटीओ की मदद से किराए के वाहनों से राशन भेजना पड़ा था। जिसके बाद खरसिया के ट्रांसपोर्टर जेपी अग्रवाल को खाद्यान्न परिवहन से हमेशा के लिए बाहर कर दिया गया है। पीडीएस के ट्रांसपोर्टिंग में गड़बड़ी करना ट्रांसपोर्टर को महंगा पड़ गया है। सरकारी चावल की ट्रांसपोर्टिंग करने वाले ट्रांसपोर्टरों पर नागरिक आपूर्ति निगम ने महीने भर के भीतर दूसरी कार्रवाई की है।

जानकारी के अनुसार नान ने रायगढ़ एवं पुसौर के राशन दुकानों में खाद्यान्न के भंडारण के लिए खरसिया के ट्रांसपोर्टर जयप्रकाश अग्रवाल को जिम्मा दिया हुआ था लेकिन विभाग के अनुसार ट्रांसपोर्टर कभी समय पर इसका भंडारण नहीं करवा रहा था। एग्रीमेंट के अनुसार हर महीने के 7 तारीख तक ट्रांसपोर्टर को खाद्यान्न का भंडारण करना जरूरी है लेकिन ट्रांसपोर्टर ऐसा नहीं कर रहा था। जिससे हमेशा विलंब से राशन पहुंच पाता था। दिसंबर महीने में तो 25 तारीख तक जब करीब 198 दुकानों में राशन नहीं पहुंचा तो जिला प्रशासन हरकत में आया था और सरकारी राशन दुकानों में चावल का भंडारण करने के लिए आरटीओ ने जुगाड़ के वाहनों एवं ट्रकों से पीडीएस में ट्रांसपोर्टिंग की व्यवस्था की थी। ट्रांसपोर्टर की इस लापरवाही के कारण नान के साथ प्रशासन की भी फजीहत हुई थी। जिसके बाद तात्कालीन कलेक्टर ने ट्रांसपोर्टर को बदलने को कहा गया था। जिसके बाद डीएम नान ने संचालनालय से अनुमति मांगी थी और लगातार शिकायत एवं लापरवाही पाए जाने पर आखिरकार नान ने भी अब जेपी ग्रुप को ट्रांसपोर्टिंग के काम के लिए ब्लेक लिस्टेड कर दिया है और पूरे छग में सरकारी राशन के ट्रांसपोर्टिंग के काम से बाहर कर दिया है।

चेंबर ने किया बजट प्रस्तावों का स्वागत

रायगढ़। छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज रायगढ़ इकाई ने आज प्रस्तुत हुए केंद्रीय बजट के प्रस्तावों का स्वागत किया है। चेंबर ने कहा कि भारत सरकार ने कई वर्षों के बाद आयकर में एक बड़ी राहत दी है। चेंबर द्वारा समय-समय पर यह मांग की जाती रही है कि जिस गति से महंगाई की दर बढ़ रही है उसी अनुपात में आयकर छूट की सीमा भी बढ़ाई जाए और इस बार सरकार ने रू. 500000 तक की आय पर कोई कर नहीं लगाने का जो फैसला किया है वह स्वागत योग्य है। यदि हम अन्य धाराओं के अंतर्गत मिलने वाले लाभ का आकलन करें तो लगभग 7.30 लाख तक की आय पर कोई कर देना नहीं होगा। परन्तु इसका लाभ केवल वही करदाता उठा पायेंगे जिनकी आय आयकर छूट की धाराओं में निवेश व अन्य राहतें घटाने के बाद कर योग्य आय 500000/- से नीचे हो। जबकि नौकरी पेशा को अतिरिक्त रू. 50000 का स्टैंडर्ड डिडक्शन का लाभ भी मिलेगा। इस तरह आयकर छूट स्वागत योग्य है इससे अनुमानित तीन करोड़ कर दाताओं को इसका लाभ मिलेगा।

चेम्बर अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल महामंत्री हीरा मोटवानी ने कहा कि केंद्र शासन ने राज्यों को जीएसटी पर प्राप्त होने वाले कर का 14त्न देने की जो गारंटी दी है वह भी स्वागत योग्य है इससे राज्यों में विकास के कार्यक्रम बनेंगे और उस पर अमल भी हो सकेगा। उन्होंने कहा कि जीएसटी आने के बाद जैसे-जैसे सरकार द्वारा इसमें संशोधन किए जा रहे हैं उससे और राहत मिलने की उम्मीद है बन गई है। उन्होंने कहा कि नए घरों को की खरीद को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सरकार ने न केवल खरीददार को राहत पहुंचाई है बल्कि बिल्डर को भी दो वर्षों तक निर्मित माल के न बिकने पर कोई कर अदा न करने की राहत दी है उन्होंने कहा कि दो करोड़ तक के पूंजीगत लाभ से पहले हम एक ही मकान खरीद पाते थे अब एक से अधिक मकान यानि दो मकानों की खरीद पर भी हमें पूंजीगत लाभ पर लगने वाले टैक्स से राहत मिल पाएगी। चेंबर ने बजट के अन्य प्रस्तावों पर भी जिसमें किसानों को दी जाने वाली राहत तथा अन्य शासकीय योजनाओं के सहारे आम आदमी के दैनिक जीवन को सुविधाओं से युक्त करने के प्रस्ताव किये गये हैं उनकी सराहना की है।

एमआईसी में शामिल होने पूर्व भाजपा महिला पार्षद ने जताई सहमति

रायगढ़। पखवाड़े भर पूर्व भाजपा पार्षद राघवन द्वारा शहर सरकार एमआईसी से इस्तीफा देने के बाद एमआईसी कोरम अधूरी हो गई थी। कोरम अधूरा होने शहर विकास कायो को अमलीजामा पहनाने में कई तरह की दिक्कत हो रही थी वही भाजपा पार्षद द्वारा इस्तीफा देने के बाद शहर की राजनितिक गलियारों में हलचल मच गई थी। उपठापथक का दौर आरंभ हो गया था। इस घमासान के बाद विधानसभा चुनाव में भाजपा से इस्तीफा देकर निर्दलीय प्रत्याशी को चुनावी समर्थन करने वाली महिला पार्षद सुमित्रा खुलू सारथी ने एमआईसी में शामिल होने महापौर की पेशकश पत्राचार के माध्यम से की है।

इस पत्राचार के बाद सुमित्रा खोलू सारथी सम्भवतः मेयर इन कौंसिल में शामिल होगी जिसकी आधिकारिक घोषणा जल्द ही होने के आसार हैं। गौरतलब है कि नगर निगम में किन्नर निर्दलीय महापौर चुनकर आई है तब से नगर निगम की राजनीति व विकास कार्य कभी मेयर इन कौंसिल कोरम के अभाव में तो कभी सामान्य सभा के उपेक्षित रहने से थम सा जाता है। बहरहाल जोड़तोड़ की शहर सरकार में एक बार फिर से मेयर इन कौंसिल का कोरम पूरा करने में महापौर मधुबाई सफलता हासिल की है। वही निगम एमआईसी से मिली जानकारी के मुताबिक इसकी शुक्रवार को आधिकारिक घोषणा हो सकती है।

कुटरचना के आरोपित चढ़े चौकी पुलिस के हत्थे

रायगढ़। पोस्ट आफिस दफ्तर से कुटरचना करते हुए लाखों रुपये का गबन करने वाले आरोपी को चौकी पुलिस ने 2 माह बाद अपने हत्थे चढ़ाने में सफल हुए है। जिसमें आरोपी को हिरासत में लेकर न्यायिक अभिरक्षा में भेज गया हैं चौकी जटमिल थाना कोतवाली रायगढ़ से कई दिनों से फरार चल रहे आरोपी ओमप्रकाश सिदार पिता देवकुमार सिदार 22 साल ग्राम परसापाली निवासी है। जो लगभग दो माह पूर्व चन्द्रपुर जिला जांजगीर चांपा अतर्गत ग्राम तरकेला पोस्ट अफिस में कूटरचित दस्तावेज तैयार कर 405897 लाख रुपये गबन किया था। इसकी भनक लगते ही पोस्ट आफिस अधिकारियों के कान खड़े हो गए थे। अनन फानन में फर्जीवाड़ा करने वाले कि सभी दस्तावेज को खंगाला गया जहां कई तरह का गोलमाल नजर आया।

कोतरा रोड बायपास मार्ग की मरम्मत शुरू

विधायक प्रकाश नायक की पहल पर एनएच विभाग ने शुरू कराया कार्य

रायगढ़। विधायक प्रकाश नायक की पहल पर खस्ताहाल कोतरा रोड बायपास मार्ग की मरम्मत शुरू हो गई है। इससे सड़क के बन जाने से ढिमरापुर चौक से हीरापुर, राजीवनगर सहित बायपास मार्ग पर निवासरत हजारों लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। ज्ञात हो कि कोतरा रोड बायपास मार्ग की हालत काफी जर्जर हो गई थी। ढिमरापुर चौक होते हुए हीरापुर से लेकर राजीवनगर, कोतरा रोड रेलवे फाटक तक सड़क पर जानलेवा गड्ढे उभर आए थे। इसके कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही थीं। बारिश के दिनों में इन गड्ढों पानी भरे होने व व कीचड़ से लोग परेशान थे, तो वर्तमान में उड़ रहे धूल के गुबार ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया था।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कृष्ण सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ठाकुरने एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे निश्चित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जायेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य साथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जायेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जायेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जायेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जायेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जायेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जायेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जायेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जायेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

CAREER SCHOOL

CAREER HINDI & ENGLISH MEDIUM SCHOOL

स्थापना दिनांक 1 जुलाई 1996

पिछले 22 वर्षों से लगातार बच्चों के साथ...

ADMISSION OPEN

ENGLISH MEDIUM For Nuresery to 10th

Topper Students Last Session

Topper Students Last Session

Join CAREER...

Major Facts

1/ Well Qualified Teachers....
2/ A perfact ratio of Techers and Students regarding classes...
3/ Complete Caring Atmosphere.
4/ Good and Equipped Class rooms....
5/ Value based education like daily classes for Logical Maths, G.K.,English Grammar....
6/ CCTV equipped School...
7/ Scientific and Cultural Activities Every Saturday....
8/ And above all Attention on Each and Every Student of the School....

CAREER SCHOOL
ENGLISH MEDIUM
BEHIND STADIUM STREET
RAIGARH C.G.
07762-221359

तत्काल आवश्यकता है

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र हेतु कम्पयूटर ऑपरेटर, सर्वे करने के लिए, बंडल कार्य हेतु, एवं रिपोर्टर/संवाददाता रायगढ़ एवं जशपुर जिले के लिए तत्काल चाहिए ... संपर्क करें...

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग.
मो. नं. 9039961090

ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग

वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन *हेडलबर्ग* से 4 कलर की सभी तरह की प्रिंटिंग होती है। प्रिंटिंग जॉब हेतु सम्पर्क करें....

न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400

न्यायसाक्षी समाचार- पत्र की खरसिया, सारंगढ़, पुसौर, मनार, घरघोड़ा, धरमजयगढ़, पत्थलगांव लुड़ेग, कांसाबेल, कुनकुरी, जशपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में एजेंसी देना है, तत्काल संपर्क करें।

स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़, छ.ग.
संपर्क करें मो.नं. 9039961090

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480